# कार्यालय प्राचार्य,डॉ.भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़
## जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)
## (नैक द्वारा B ग्रेड मान्यता प्राप्त)

महा.कोड क्र.3012 ईमेल–principalgovncollege@gmail.com

क्र. 396 /स्था./2026 पामगढ़,दिनांक 20.08.2026

### –:: अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन का प्रारूप ::–

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक ESTB-2035/637/2026/-RAJPATIT STHAPANA नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 18–08–2026 एवं उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय का पत्र क्र. ESTB-1027/1216/2025/38-1 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 18.08.2026 के अनुसार डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में निम्न विषयों में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 31.08.2026 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि व्याख्याता के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमा अतिथि व्याख्याता अधिकतम 65 वर्ष तक।
3. छत्तीसगढ़ में अतिथि व्याख्याता भर्ती नियमों के अनुसार यदि मेरिट सूची में एक ही श्रेणी के 2 अभ्यर्थीयों के अंक समान होते है तो राज्य के मूल निवासी को वरीयता दी जायेगी।

### –:: रिक्त पदों का विवरण ::–

| क्र. | विषय | रिक्त पद एवं संख्या | |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 2. | प्राणीशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |

**टीप :– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरुद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।**

20.08.2026

Scanned with OKEN Scanner

## शर्ते

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र,10वीं,12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, SET/NET,M-Phil/Ph-D. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक 31.08.2026 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर कर सकते है, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई-मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 02.09.2026 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। महाविद्यालय के वेबसाईटhttps:// govt collegepamgarh.co.in/ में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जावेगा।
5. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 07.09.2026 तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 09.09.2026 की पूर्वान्ह को किया जावेगा। जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जावेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरुद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।
8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यथी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवाये भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. **अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा :-**

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रति कार्य दिवस | 2000/-<br>(50,000/- प्रति माह अधिकतम) | 1400/-<br>(35000/-प्रति माह अधिकतम) |

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता महाविद्यालय/प्राचार्य, डॉ.भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ जिला-जांजगीर-चांपा छ.ग. पिन कोड 495554 एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रुप से लिखे।

20.08.2026

Scanned with OKEN Scanner

12. इस विज्ञापन के तहत् व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को विश्वविद्यालयीन/महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नहीं कहलायेंगे।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश,परीक्षा,छात्रसंघ चुनाव,योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा गतिविधिया युवा उत्सव,आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन,नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।
16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

संयोजक

20.08.2026

प्राचार्य
डॉ.भीमराव अंबेडकर शास.महा.पामगढ़
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

PRINCIPAL
Dr. Bhimrao Ambedkar Govt. College
Pamgarh, Distt.- Janjgir Champa (C.G.)

पृ.क्र. 397 /स्था./2026
पामगढ़,दिनांक 20.08.2026

प्रतिलिपि :–
1. अवर सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग ,मंत्रालय ,महानदी भवन,नया रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय इंद्रावती भवन, द्वितीय एवं तृतीय तल अटल नगर रायपुर को सादर सूचनार्थ ।
3. अपर संचालक, उच्च शिक्षा,क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर संभाग बिलासपुर को सादर सूचनार्थ ।
4. प्राचार्य शास.टी.सी.एल अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर को सादर सूचनार्थ।
5. कम्प्यूटर आपरेटर ओ.पी.खन्ना महाविद्यालय की वेबसाईट में अपलोड करें।
6. स्थापना/लेखा शाखा।

20.08.2026

प्राचार्य
डॉ.भीमराव अम्बेडकर शास.महा.पामगढ़
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

PRINCIPAL
Dr. Bhimrao Ambedkar Govt. College
Pamgarh, Distt.- Janjgir Champa (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner